**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 8 | (क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज व झांसी मण्डल के अन्र्तगत स्थापित बस अड्डों का सौन्दर्यीकरण कराये जाने की कोई कार्ययोजना है? | जी हाँ।<br>**झांसी मण्डल**<br>झांसी मण्डल में तीन जनपद हैं, जिनमें बस स्टेशन की स्थिति निम्नवत है:-<br>1- झांसी जनपद में जिला मुख्यालय पर नगर निगम द्वारा बस स्टेशन संचालित किया जा रहा है, जिससे प्राइवेट बसों के साथ-साथ उ0प्र0 परिवहन निगम की बसें संचालित होती है, इस बस स्टेशन को तोड़कर नगर निगम द्वारा नव निर्माण कार्य प्रारम्भ कर सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है।<br>2-जालौन जनपद के जिला मुख्यालय उरई में नगर पालिका परिषद, उरई द्वारा संचालित बस स्टेशन से उ0प्र0 परिवहन निगम की बसें संचालित होती है, जिसके सौन्दर्यीकरण का कार्य वर्तमान में हो रहा है।<br>3-ललितपुर जनपद में बस स्टेशन का नवनिर्माण किया जा रहा है।<br>**प्रयागराज मण्डल**<br>प्रयागराज मण्डल के अधीन आने वाले सभी जनपद मुख्यालयों पर निगम के बस स्टेशन नवनिर्मित हैं। |
| | (ख) यदि हाँ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | जी हाँ। |
| | (ग) यदि नही, तो क्यों ? | प्रश्न ही नही उठता। |

(दयाशंकर सिंह)
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।

**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-8 का संलग्नक/विवरण**

1- झांसी जनपद में जिला मुख्यालय पर नगर निगम द्वारा बस स्टेशन संचालित किया जा रहा है, जिससे प्राइवेट बसों के साथ-साथ उ0प्र0 परिवहन निगम की बसें संचालित होती है, इस बस स्टेशन को तोड़कर नगर निगम द्वारा नव निर्माण कार्य प्रारम्भ कर सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है।

2- जालौन जनपद के जिला मुख्यालय उरई में नगर पालिका परिषद, उरई द्वारा संचालित बस स्टेशन से उ0प्र0 परिवहन निगम की बसें संचालित होती है, जिसके सौन्दर्यीकरण का कार्य वर्तमान में हो रहा है।

3- जालौन जनपद के जिला मुख्यालय उरई पर बस स्टेशन के सौन्दर्यीकरण हेतु रू0 579.59 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त है, जिसके विरूद्ध अभी तक रू0 300.00 लाख की धनराशि अवमुक्त हो चुकी है एवं कार्य की भौतिक प्रगति 80 प्रतिशत हो चुकी है।

4- ललितपुर जनपद में बस स्टेशन का नवनिर्माण किया जा रहा है।

5- ललितपुर जनपद में बस स्टेशन एवं डिपो कार्यशाला के निर्माण हेतु रू0 1121.19 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त है, जिसके सापेक्ष रू0 1065.1305 लाख की धनराशि अवमुक्त हो चुकी है एवं कार्य की भौतिक प्रगति 90 प्रतिशत हो चुकी है।